(ख) 1969 तथा 1970 के मूल्यों में अन्तर होने का मुख्य कारण उत्पादन शुल्क, रेल भाड़ा आदि सांविधिक प्रभारों में हुआ परिवर्तन है।

ग्रीन पार्क तथा ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नई दिल्ली में मकानों के नम्बर अनियमित ढंग से देना

10008. **श्री जगेश्वर यादव :** क्या **स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण आवास तथा नगरीय विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नई दिल्ली स्थित ग्रीन पार्क तथा ग्रीन पार्क एक्सटेंशन में मकानों के अनियमित रूप से नम्बर डालने के कारण किसी विशेष मकान को ढूंढ़ने में कई घंटे लगते हैं ; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार इन मकानों की संख्या ब्लाक-वार देने का है ताकि लोगों को परेशानी न हो ?

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० श्रीपति चन्द्रशेखर) : (क) और (ख). जी नहीं। ग्रीन पार्क तथा ग्रीन पार्क एक्सटेंशन में घरों के नम्बर ब्लाक-वार तथा नियमित लगे हुए हैं। लोगों की सुविधा के लिए इस बस्ती के प्रमुख स्थानों पर मार्ग दर्शन चित्र तथा नम्बर-बोर्ड लगे हुए हैं।

दिल्ली में हरिजनों को दिए गये प्लाटों के स्वामित्व अधिकार

10009. **श्री मोलहू प्रसाद :** क्या **स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 12 जनवरी, 1970 के दैनिक "हिन्दुस्तान" में प्रकाशित इस आशय का समाचार सच है कि दिल्ली प्रशासन ने जनवरी, 1970 में घोषणा की है कि उन 3,735 हरिजनों को, जिन्हें हरिजन कल्याण बोर्ड ने मकान बनाने के लिए प्लाट आवंटित किये हैं, स्वामित्व अधिकार दिया जायेगा ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह घोषणा क्रियान्वित की जा चुकी है ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्री (श्री के० के० शाह) : (क) जी हां। परन्तु ठीक संख्या 3,725 है, न कि 3,735 जैसा कि समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया।

(ख) दिल्ली प्रशासन ने सभी 3,725 हरिजनों को स्वामित्व अधिकार के प्रमाण पत्र पहले ही दे दिये हैं।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

अखिल भारत नेत्र सुधार संघ, लाजपतनगर नई दिल्ली

10010. **श्री मोलहू प्रसाद :**
श्री प० ला० बारुपाल :
श्री अचल सिंह :

क्या **स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास** मंत्री 13 अप्रैल, 1970 के अतारांकित प्रश्न संख्या 6205 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अखिल भारत नेत्र सुधार संघ तथा डा० भगवान दास मेमोरियल ट्रस्ट का कार्यालय 2-एफ, लाजपत नगर, नई दिल्ली में स्थित है ;